मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 124
रविवार, 17 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया नमो घाट का लोकार्पण

**●देश में हो रहे विकास कार्यों से दुनिया अचंभित है उपराष्ट्रपति**

**●सर्वांगीण विकास का मॉडल अब काशी बन चुका है : योगी आदित्यनाथ**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने देव दीपावली के मौके पर शुक्रवार को दुनिया के सबसे बड़ा नमो घाट का लोकार्पण एवं देव दीपावली का विधिवत शुभारंभह्ल किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी उपस्थित रही। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का शाल ओढ़ाकर एवं नमो घाट पर हाथ का बने नमस्ते मुद्रा का प्रतीक चिन्ह भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अमेरिका एवं ऑस्ट्रेलिया सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की कई प्रस्तुति भी हुई। इसके बाद लोगो ने चेतसिंह पर लेजर शो तथा गंगा आरती का दृश्यावलोकन किया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगो का संबोधित करते हुए कहा आज मेरा मन पूरी तरह अभिभूत हूं। दुनिया के सबसे बड़े नमो घाट का लोकार्पण करने के अवसर को अपने जीवन का प्रमुख और बड़ा दिन बताया। उन्होंने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली के साथ ही प्रथम सिख गुरु गुरुनानक की 555वां प्रकाश पर्व के साथ ही भगवान विरसामुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर देशवासियों के साथ ही विशेषकर काशीवासियों को बधाई दी। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सनातन की भूमि है। जबकि काशी इसका केंद्र। सनातन में विश्व शांति का संदेश है। सनातन सभी को समाहित करता है। सनातन विभाजनकारी ताकतों का विरोध करता है। नमो घाट पर आयोजित भव्य समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति ने सनातन को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि सनातन राष्ट्र धर्म, भारतीयता का प्रतिबिंब है। सनातन हमें एक सीख देता है, दृढ़ रहने की, एक रहने की, मजबूत रहने की। और आज के समय में चुनौतियों को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि सनातन की मूल भावना में हमारा विश्वास हो। सनातन भारत की आत्मा है और सनातन को चुनौती असहनीय है। उन्होंने कहा कि अपना भारत बदल रहा है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं योगी आदित्यनाथ की तपस्या से हो रहे विकास कार्य से दुनिया अचंभित है। उप राष्ट्रपति ने काशी की बखान करते हुए कहा कि जहां की मिट्टी पारस हैं, उस शहर का नाम बनारस है। काशी मोक्ष की नगरी है। आज काशी विकास एवं अध्यात्म का समन्वय है। काशी जैसा कल्चरल सेंटर कही भी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लिए समर्पित हैं। हमारी सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया को संदेश देता हैं। सनातन हमें एक और मजबूत रहने का संदेश देता हैं। भारत दुनिया में बड़ी ताकत के रूप में अग्रसर हैं। भारत सनातन की आत्मा है। सनातन के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प सभी को लेना चाहिए। कोई भी हित मेरे लिए देश हित से ऊपर नहीं है। स्वदेशी को जीवन में लोगो से अपनाये जाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ ही विदेशी मुद्रा को बचाने के साथ ही रोजगार के अवसर भी लोगो को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं माहौल को बनाए रखना ही हमारी पूंजी हैं।

संस्कृति और विरासत के संरक्षण पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि हमें ये याद रखना चाहिए की हमारी सांस्कृतिक जड़ें ही हमारे वर्त्तमान और भविष्य का निर्माण करती हैं। सांस्कृतिक जड़ें बहुत जरूरी होती हैं, हमें जीवंत रखती हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, अपना भारत बदल रहा है। अकल्पनीय तरीके से बदल रहा है। जो सोचा नहीं था, वह देश में संभव हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उसने दुनिया को अचंभित कर दिया है। जल हो, थल हो, आकाश हो, अंतरिक्ष हो, भारत की बुलंदियों को दुनिया सराह रही है। हमारी जो सांस्कृतिक विरासत है, जो दुनिया में अनूठी है और 5000 साल से अधिक पुरानी है, उसका संरक्षण और उसका सृजन जिस प्रकार हो रहा है, वह देखने लायक है।

स्वदेशी जागरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा, स्वदेशी का भाव अपने में जागृत करें।

# लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भीषण आग लगी, 10 नवजात शिशुओं की मौत

**झांसी, 16 नवम्बर।** उत्तर प्रदेश के झांसी में बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भीषण आग लग गई। इस आग लगने की घटना में 10 नवजात शिशुओं की जलने और दम घुटने से मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज में हुई ये घटना बड़ा हादसा है।




इस बड़े हादसे के बाद शनिवार सुबह झांसी पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि वार्ड में कुल 49 बच्चे हैं, जबकि वार्ड की क्षमता केवल 18 बिस्तरों की है। जानकारी के मुताबिक आग लगने के बाद सात बच्चों के शवों की पहचान हो गई है, जबकि तीन की पहचान नहीं हो पाई है। बृजेश पाठक ने बताया कि उनकी पहचान करने और उनके परिजनों तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि आग में घायल हुए 17 अन्य बच्चों का फिलहाल मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी विंग और अलग अलग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनमें से सात को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

झांसी में अस्पताल में लगी आग की घटना के बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानपुर जोन) आलोक सिंह ने बताया कि घटना के समय वार्ड में 47 शिशु भर्ती थे। इनमें से 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई तथा 37 को बचा लिया गया। इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। साथ ही उन्होंने झांसी के मंडलायुक्त और पुलिस उपमहानिरीक्षक को घटना की जांच करने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों को 12 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने पोस्ट किया, ॅजनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में हुई दुर्घटना में बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।ॅ

उत्तर प्रदेश सरकार ने झांसी त्रासदी की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए है। वहीं योगी आदित्यनाथ ने आग की घटना में मरने वाले बच्चों के परिवारों को 5-5 लाख रुपये और घायलों के परिवारों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की। बृजेश पाठक ने कहा कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे चार बच्चों के इलाज का खर्च वहन करेगी।

# उच्चतम न्यायालय ने थूथुकुडी में संयंत्र बंद करने के खिलाफ वेदांता की पुनर्विचार याचिका खारिज की

**नई दिल्ली, 16 नवम्बर।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में वेदांता समूह के कॉपर स्मेल्टिंग प्लांट (तांबा गलाने वाले संयंत्र) को बंद करने के खिलाफ दाखिल उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को रेखांकित करते हुए, प्रदूषण संबंधी चिंताओं के कारण मई 2018 से बंद थूथुकुडी स्थित वेदांता के संयत्र को पुनः शुरू करने की उसकी याचिका को 29 फरवरी को खारिज कर दिया था। यह संयंत्र मई 2018 से बंद है, जब पुलिस ने संयंत्र से होने वाले कथित प्रदूषण के कारण हुए विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए गोलीबारी की थी। इस दौरान 13 लोगों की मौत हो गई थी।



प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने समीक्षा याचिका को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के वेदांता के आवेदन को भी खारिज कर दिया। पीठ ने 22 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा, पुनर्विचार याचिकाओं की समीक्षा करने के बाद, रिकॉर्ड में कोई गलती नहीं पाई गई है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के एक नियम के तहत पुनर्विचार के लिए कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए, पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है।

# ठाणे पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियारों का जखीरा




**ठाणे (उत्तरशक्ति)।** ठाणे पुलिस की अपराध शाखा ने जिले के अलग-अलग शहरों में छापेमारी कर अवैध देसी पिस्टल रखने और उसका व्यापार करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 18 देसी पिस्टल और 28 कारतूस बरामद किया है।

साथ ही पुलिस ने देसी शराब के अड्डों पर कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की शराब नष्ट की। जबकि 5 हजार लीटर से अधिक शराब को जब्त किया। ठाणे क्राइम के एसीपी शेखर बागड़े से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव के समय आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस कमिश्नर ने अवैध धंधों पर नकेल कसने का आदेश दिया था। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी जांच पड़ताल और मुखबिरों से जानकारी हासिल कर ठाणे, भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर के विभिन्न पुलिस थानों की हद में कार्रवाई कर अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने अवैध शराब के अड्डों पर भी छापा मारा और 25 लाख रुपये की देसी शराब को नष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध धंधों में लिप्त सौदागरों की नींद हराम हो गई है।

# नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों से मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने पांच को किया ढेर

**नारायणपुर, 16 नवम्बर।** वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ एक बड़े ऑपरेशन में, शनिवार सुबह छत्तीसगढ़ के बस्तर में कांकेर-नारायणपुर सीमा पर स्थित अबूझमाध के घने जंगलों में एक गहन मुठभेड़ के दौरान पांच नक्सली मारे गए, और दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। शुक्रवार देर रात सुरक्षा बलों द्वारा शुरू किए गए तलाशी अभियान के बाद गोलीबारी हुई। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि अब तक 5 नक्सलियों के शव बरामद किये जा चुके हैं। भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किये गये हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ में 2 जवान घायल हो गए हैं। वे खतरे से बाहर हैं। दोनों घायल जवानों के बेहतर इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

छत्तीसगढ़ पुलिस के अनुसार,



मुठभेड़ तब शुरू हुई जब संयुक्त सुरक्षा बल नक्सली गढ़ों को ध्वस्त करने के लिए घने जंगली इलाके में आगे बढ़े। ऑपरेशन की देखरेख कर रहे एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ॅयह एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन है, जिसमें फिलहाल भीषण गोलीबारी चल रही है।ॅ घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से रायपुर ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। यह ऑपरेशन पूरे छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी प्रयासों की श्रृंखला का हिस्सा है।

इस सप्ताह की शुरूआत में, सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली जब बीजापुर जिले में एक ऑपरेशन में 8 लाख रुपये के इनामी एक वरिष्ठ प्लाटून कमांडर सहित तीन नक्सली मारे गए। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) विशिष्ट कोबरा इकाई द्वारा संचालित उस ऑपरेशन में उसूर बासागुड़ा पामेड़ के ट्राई जंक्शन पर रेखापल्ली कोमथपल्ली की जंगली पहाड़ियों में नक्सली शिविरों को निशाना बनाया गया।

# आतंकवादी अब अपने घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अब आतंकवादी अपने घरों में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं ,जबकि पिछली सरकारों के समय आतंकवाद के कारण लोग असुरक्षित महसूस करते थे।

दिल्ली में एचटी लीडरशिप समिट में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि समय बदल गया है। मोदी ने कहा कि उन्होंने शनिवार को आयोजित एक प्रदर्शनी में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले



पर रिपोर्ट देखीं। उन्होंने कहा, उस समय आतंकवाद के कारण भारत के लोग असुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन अब समय बदल गया है और अब आतंकवादी अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं।






## भिवंडी पश्चिम महायुति उम्मीदवार महेश चौगुले व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष शेट्टी के चुनाव प्रचार में आये राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के भिवंडी विधानसभा प्रत्याशी महेश चौगुले व भिवंडी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष शेट्टी के चुनाव प्रचार के लिये आये राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन में भारी भीड़ देखकर गदगद हो गये उन्होंने कहाकि ₹जहाँ न जाये रेलगाड़ी वहाँ जाये बैलगाड़ी₹ और जहाँ न जाये बैलगाड़ी वहाँ जाये मारवाडी जहां रहता है उसकी जीत निश्चित होती है । बतादें कि अंजूरफाटा स्थित टर्फ खेल मैदान में राजस्थानी प्रवासी स्नेह सम्मेलन में भारी संख्या में महिला व पुरुषों को देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थानी समाज की तरफ से भिवंडी पूर्व व पश्चिम महायुति के प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संकल्प लिया वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचारियों की जननी है और उससे जुडे लोग भ्रष्टाचारी है । आप सभी ने जिस प्रकार राजस्थान में पूर्ण बहुमत से जिताया है उसी तरह महाराष्ट्र में महायुति के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाकर पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनायेगे । उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट हर्षल पाटिल , भिवंडी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष शेट्टी , पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी महेश चौगुले , पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल , गुजरात के पूर्व मंत्री वासन भाई अहिर , पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक निलेश चौधरी , हनुमान चौधरी , पश्चिम विधानसभा प्रभारी श्याम अग्रवाल , आनंद गजरे , प्रदेश महासचिव सुगंधा टावरे , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ममता परमाणी , रेखा पाटिल भिवंडी महिलाध्यक्षा सुनीता टावरे , राकापा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल , भिवंडी महासचिव राजू गाजेंगी , विधायक छगन राजपुरोहित , महासचिव प्रवीण मिश्रा , श्रीधर कोठारी , अशोक जैन , मेघराज चौधरी , अविनाश सिक्की , विकास बाफना , चेतन नागरिया , शिवसेना प्रतिनिधि सुरेश कारेकर , भरत भाटी , जिला प्रचार सचिव पी डी यादव , शनि भाई पंजाबी आदि लोग उपस्थित थे ।

## रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु शपथ कार्यक्रम



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र राज्य में 20 नवंबर 2024 को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन प्रतिनिधियों , सामाजिक कार्यकताओं और सरकार सहित सभी लोग प्रयास कर रहे हैं । महाराष्ट्र सरकार और चुनाव आयोग ने स्कूल और कालेज जाने वाले छात्रों के लिए स्वीप नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके तहत स्कूल और कालेज में पढ़ने वाले छात्रों से चुनाव के दिन मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए शपथ लिया गया । भिवंडी के रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में सरकार के आदेश के तहत छात्रों को शपथ दिलाई गयी कि वह अपने घर और पास पड़ोस के प्रत्येक मतदाता को वोट देने के लिए प्रेरित करें और घर के सदस्यों से अनुरोध करें कि किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्याशी को वोट दें । लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में अपनी सकारात्मक भूमिका दिखाई ।

## कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के राजस्व में हुई वृद्धि

**मुंबई।** कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड पूरे भारत में उपस्थिति के साथ भारत की अग्रणी एकीकृत खुदरा कंपनियों में से एक है। कंपनी ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपने अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। 3 दशकों से अधिक के साथ सीआरआईएल कैंटाबिल के ब्रांडनेम के तहत कंपनी की परिधानों की डिजाइनिंग, निर्माण, ब्रांडिंग और खुदरा बिक्री के व्यवसाय में उपस्थिति है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए परिचालन से कंपनी का राजस्व 12 फीसदी बढ़कर 151.2 करोड़ रुपए हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 135.1 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए ईबीटा 34.5 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 29.6 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए ईबीटा मार्जिन 22.8 फीसदी रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 21.9 फीसदी था। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ 6.6 करोड़ रुपए रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह 7.5 करोड़ रुपए था।

## लॉटरी उद्योग में बदलाव लाने के लिए गोवा सरकार की पहल

**मुंबई।** गोवा सरकार भारत की पहली पूरी तरह से तकनीक आधारित ऑनलाइन लॉटरी लॉन्च कर रही है, जिसका पहला ड्रा 24 नवंबर 2024 को होगा। गोवा सरकार द्वारा प्रायोजित गोवा राज्य ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं के विपणन और बिक्री के लिए रिती स्पोर्ट्स को लाइसेंस दिया गया है। भारत की पहली पूरी तरह से तकनीक आधारित ऑनलाइन लॉटरी के रूप में, यह ऐप-आधारित प्लेटफॉर्म अपने सहज तकनीक, पारदर्शिता और व्यापक पहुंच के साथ लॉटरी परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए तैयार है। गोवा सरकार के लघु बचत और लॉटरी निदेशालय द्वारा जारी विपणन लाइसेंस के साथ, ग्रेट गोवा गेम्स भारत के लॉटरी उद्योग में एक नई मिसाल स्थापित करेगा, जो वर्तमान में मुख्य रूप से 10 से अधिक राज्यों में कागज-टिकट आधारित प्रणाली पर कार्यरत है। यह ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली पूरी तरह से पेपरलेस होगी, जो देशभर में लॉटरी प्रेमियों के लिए एक निर्बाध अवसर प्रदान करेगी। रिती ग्रुप के संस्थापक श्री अरुण पांडे ने लॉन्च के अवसर पर कहा, हम भारत का पहला पूरी तरह से तकनीक आधारित ऑनलाइन लॉटरी ब्रांड ग्रेट गोवा गेम्स लॉन्च करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। रिती स्पोर्ट्स में हमारा मिशन तकनीक के माध्यम से अवसरों का लोकतंत्रीकरण करना है।

# कालीना विधानसभा में करूंगा अभूतपूर्व विकासः अमरजीत सिंह





**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आगामी 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियों ने जनसभा और पदयात्राओं को तेज कर दिया है। मुंबई की 36 विधानसभा सीटों पर कब्जा करने के लिए महायुति ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुंबई की कई हॉट सीटों में से एक कालीना विधानसभा सीट पर महायुति और महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार के बीच लड़ाई रोमांचक हो गई है। महायुति के उम्मीदवार अमरजीत सिंह के समर्थन में लगातार केंद्रीय मंत्री, भाजपा के केंद्रीय नेता, प्रदेश और मुंबई के नेता और पदाधिकारी क्षेत्र में जगह जगह जनसभा आयोजन कर मतदाता-कार्यकताओं को संबोधित कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ महायुति के उम्मीदवार अमरजीत सिंह अपने समर्थकों के साथ लगातार पदयात्रा निकाल रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को तानाजी चौक न्यू मिल रोड कुर्ला में आयोजित किया गया था। इस जनसभा में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर सहित बड़ी संख्या में महायुति के नेता उपस्थित थे। देवधर ने कहा कि महायुति सरकार सुरक्षा की गारंटी है।भाजपा नेता सुनील देवधर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा दिया है, जिसे केंद्र सरकार पूरा कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है, लेकिन लोकसभा चुनाव में वोट जिहाद के कारण लोगों ने मुफ्त अनाज और आयुष्मान कार्ड सहित सरकार की योजनाओं का लाभ देने वाले पीएम मोदी को वोट नहीं दिया, जिसके कारण भाजपा को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि महायुति की सरकार क्यों बनाना है, क्योंकि यह हमारे साथ-साथ देश की भी सुरक्षा का भी काम करती है। सुनील देवधर ने कहा कि राज्य की महायुति सरकार ने महिलाओं और बहनों के लिए मुख्यमंत्री माझी लाडकी योजना शुरू की है?। इस योजना का लाभ भारी संख्या में महिलाओं को मिला है। उन्होंने कहा कि सिर सलामत तो पगड़ी हजार, इसलिए हमें उस पार्टी की सरकार बनाना है, जो हमारी और हमारे परिवार की सुरक्षा की गारंटी ले सके। यह काम केंद्र में मोदी और राज्य में महायुति सरकार कर सकती है। महायुति की सरकार बनाने के लिए कालीना विधानसभा क्षेत्र से महायुति के उम्मीदवार अमरजीत सिंह को जीतना जरूरी है। अमरजीत सिंह ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से कालीना का अभूतपूर्व विकास करूंगा और यहां की सारी समस्याओं का निराकरण करके ही दम लूंगा। इस अवसर पर उत्तर -मध्य जिला अध्यक्ष सुषम सावंत, महामंत्री नितेश राजहंस सिंह, कालीना विधानसभा अध्यक्ष चंदकांत मोरे, आरपीआई कालीना विधानसभा अध्यक्ष श्रावण मोरे, वरिष्ठ नेता उत्तम राव होगाड़े, प्रवासी कार्यकर्ता दिनेश कुशवाहा, ब्रिजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में महायुति के पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लालवानी, आयलानी ने व्यापारियों से शत प्रतिशत मतदान करने की किया अपील



**चेतन निर्मल**

**उल्हासनगर।** विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है शनिवार को भाजपा उम्मीदवार कुमार आयलानी व इंदौर से खासकर चुनाव प्रचार के लिए शहर के दौरे पर आए इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने शहर के व्यापारियों के साथ मुलाकात की और उनसे 20 नवंबर को होने जा रहे चुनाव में मतदान करने की अपील किया। दोनों नेताओं ने व्यापारियों से कहा कि हमारे लोकतंत्र में मतदान का दिन एक महापर्व है और 20 नवंबर को हम यह पर्व मनाने जा रहे हैं इसलिए अपना व्यापार शुरू करने से पहले मतदान करें और व्यापारियों का मतदान शत प्रतिशत हो इस उत्साह के साथ बूथ पर पहुंचें। पहले मतदान फिर जलपान के विचार पर व्यापारी काम करते हुए कुमार आयलानी को भारी मतों से विजयी बनाएं यह आह्वाहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा उपाध्यक्ष रायपुर छत्तीसगड ललित जयसिंग,भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश व्यापारी सेल सचिव दीपक छतलानी,सिंधी साहित्य अकादमी कार्याध्यक्ष महेश सुखरामनी,नरेश ठारवानी,विक्की मेंगवानी आदी बडी संख्या मे व्यापारी उपस्थित रहे।

## कार्यकताओं की मेहनत के बदौलत ही होगी चुनावी महासंग्राम में पार्टी की विजय संभव : हितेंद्र ठाकुर

### शिवशक्ति सामाजिक संघटना प्रमुख संजय पाटील ने बबिआ को दिया समर्थन



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के मैदान उतरे तमाम प्रत्याशियों का चुनावी प्रचार - प्रसार चरम सीमा पर है। वहीं बहुजन विकास आघाड़ी भी अपनी परंपरागत बोईसर विधानसभा सीट को बचाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रही है। बविआ ने वर्तमान विधायक राजेश पाटील पर विश्वास जताते हुए उन्हें एक फिर से बोईसर विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। बोईसर विधानसभा सीट के बविआ प्रत्याशी राजेश पाटील को विजयी बनाने हेतु पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित यशपद्म में शनिवार 16 नवंबर 2024 को दोपहर में पार्टी कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन के दौरान बहुजन विकास आघाड़ी के पार्टी प्रमुख हितेंद्र ठाकुर (अप्पा) ने कार्यकताओं को जोश भरते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत के बदौलत ही इस चुनावी महासंग्राम में पार्टी को विजय हासिल हो सकती है। इसलिए पार्टी कार्यकर्ता जोरशोर से बविआ प्रत्याशी राजेश पाटील के चुनाव प्रचार जुट जाएं। इस मौके पर शिवशक्ति सामाजिक संघटना प्रमुख संजय पाटील ने बहुजन विकास आघाड़ी को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हमारे संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रत्याशी राजेश पाटील के लिए लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने हेतु बविआ कार्यकताओं को भी लगन के साथ घर - घर जाकर राजेश पाटील के कार्यों का प्रचार - प्रसार करना होगा और पार्टी को मत देने की अपील भी करनी होगी । वहीं पालघर महिला जिला अध्यक्ष भावना विचारे ने बोलते हुए पार्टी कार्यकताओं को एकजुटता के साथ चुनाव प्रचार करने के लिए प्रोत्साहित किया और चुनाव प्रचार के लिए बचे शेष दिनों में कार्यकताओं को घर - घर जाकर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में वोट डालने की अपील करने हेतु निर्देशित किया। सम्मेलन का सूत्र संचालन तहसील अध्यक्ष प्रभाकर पाटील ने किया तथा अरविंद वर्तक ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सम्मेलन में बविआ जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ घरत, अविनाश चूरी, भुजंग शेट्टी, राजू जाधव, नीलेश नगरकर, मोहन म्हात्रे, पांडुरंग भोगटे, अनिल सिंह, इकरार अहमद सिद्दकी, अजीज मेमन, जिलेदार वर्मा, राजू सिंह, करिश्मा खान सहित पार्टी के अन्य प्रमुख पदाधिकारीयों के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महेश गायकवाड़ की रैली देख विरोधियों के पसीने छूटे

### कल्याण पूर्व में निर्दलीय प्रत्याशी सब पर भारी



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने कमर कस ली हैं। 142 कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के पूर्व नेता निर्दलीय उम्मीदवार महेश दशरथ गायकवाड़ ने आज एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन करते हुए खडेगोलवली, कैलाशनगर, हनुमाननगर, काटेमानिवली, कोलसेवाड़ी सम्पूर्ण परिसर में रैली निकाली इस रैली में शहर के नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिसा लेते हुवे अपना आशीर्वाद दिया। बतादे की महेश गायकवाड़ के सामने बीजेपी की सुलभा गायकवाड और उद्धव गुट के धनंजय बोडारे सहित वंचित बहुजन अघाड़ी से विशाल पावशे मैदान में है। मीडिया से बात करते हुए महेश गायकवाड़ ने विश्वास जताया कि भले ही चुनाव तक सभी नेताओं ने मेरा साथ छोड़ दिया है, लेकिन जनता मेरे साथ है, कोई भी नेता जनता से बड़ा नहीं है।

इस दौरान महेश गायकवाड ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा है कि ये गंदी चाल है कि विरोधी दल के लोग स्वयं बैनर फाड़कर सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहा है। हमारे लोगों ने बेनर नही फाडे उल्टा बीजेपी के दबाव में हमारे कार्यकताओं को पुलिस द्वारा नोटिस भेजे जा रहे हैं। एक कार्यकर्ता पर तड़ीपार की कार्रवाई की गई। पुलिस पर राजनीतिक दबाव होने का गंभीर आरोप भी गायकवाड ने लगाया।

## महायुती सरकार सबसे अधिक भ्रष्ट व असक्षम साबित हुई : डीके शिवकुमार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उद्धव ठाकरे की सरकार गिराकर बागी नेता एकनाथ शिंदे का सहयोग करके उनके नेतृत्व में जो महायुति सरकार बनाई थी, वह सरकार सबसे अधिक भ्रष्ट और असक्षम सरकार साबित हुई।

चांदिवली विधानसभा क्षेत्र से महाविकास आघाडी (कांग्रेस) उम्मीदवार मोहम्मद आरिफ नसीम खान की शुक्रवार की शाम चांदिवली के साकीविहार रोड स्थित तुंगा गांव में हुई चुनाव प्रचार सभा को संबोधित करते हुए कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने दक्षिण भारतीय वासियों से अपील की कि वे मोहम्मद आरिफ नसीम खान को भारी मतों से विजयी बनाएं।

डीके शिवकुमार ने कहा कि विधान सभा चुनाव बाद महायुति की सरकार लौटने वाली नहीं है। 23 तारीख को जब रिजल्ट आएगा तो महायुति के नेता चारो खाने चित हो जाएंगे और महाविकास आघडी की सरकार बनेगी और नसीम खान मंत्री बनेंगे। उन्होंने महायुति सरकार और कर्नाटक सरकार की विकास के मुद्दे पर तुलना की। उन्होंने कहा कि अगर विकास देखना हो तो आप कर्नाटक आएं। अगर कर्नाटक न आ सकें तो फोन से वहां के विकास के बारे में जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि महाविकास आघडी की सरकार महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये, मुफ्त बस सेवा, साल में छह सिलिंडर 500 रुपये में देगी।

शिवकुमार ने कहा कि महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा। कुटुंब रक्षा के तहत 25 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा, मुफ्त दवाएं भी दिया जाएगा। किसानों को राहत देने के लिए तीन लाख रुपये तक के कर्ज करेंगे माफ होंगे और समय पर कर्ज चुकाने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि। इसके अलावा युवाओं को हर महीने चार हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।

नसीम खान ने कहा, ₹परचा मैं भरता हूं और चुनाव यहां की जनता लड़ती है। यह चुनाव मैं महाराष्ट्र के सम्मना को बचाने के लिए लड़ रहा हूं, जिसमें आप लोगों को सपोर्ट करने की जरूरत है। चुनाव जीतने के बाद चांदिवली का सर्वांगीण विकास करूंगा। शिकायत का मौका किसी को नहीं मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविकास आघडी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अणुशक्तिनगर नगर में सना मलिक की चुनावी मुहिम जोश में, लोगों ने भारी समर्थन का किया ऐलान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अणुशक्तिनगर विधानसभा क्षेत्र में सना मलिक की चुनावी मुहिम अब अपने शबाब पर है। उनकी जनसंपर्क मुहिम ने इलाके के लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह पैदा कर दिया है। उनकी पदयात्रा में लोगों की भारी भीड़ यह साबित करती है कि इस बार इलाके के लोग उन्हें जीत दिलाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पिछले दिन भी उनकी पदयात्रा बड़े पैमाने पर निकाली गई, जिसमें लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

सना मलिक ने पदयात्री के दौरान जनता को यह भरोसा दिलाया कि वह उनके मुद्दों को प्राथमिकता देंगी और अपने पिता नवाब मलिक द्वारा किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए इलाके में एक नई जान डालेंगी। उन्होंने कहा, ₹मेरा उद्देश्य जनता की भलाई और क्षेत्र का विकास है। मैं आप सभी के साथ मिलकर काम करना चाहती हूं ताकि हम सभी मिलकर एक बेहतर भविष्य बना सकें।₹ उनके इस बयान पर लोगों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया।

जनता की राय के अनुसार, इस पदयात्रा ने क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद और जोश भर दिया है। लोगों का कहना है कि सना मलिक का जनता से सीधा संपर्क और समस्याओं के समाधान के लिए उनकी दृढ़ नीयत उन्हें इस क्षेत्र की नई नेतृत्व के रूप में एक अलग पहचान दे रही है। लोगों ने उन्हें पूरी तरह से समर्थन देने का संकल्प लिया और उम्मीद जताई कि उनकी अगुवाई में अणुशक्तिनगर का भविष्य उज्जवल होगा। इस तरह यह पदयात्रा न केवल सफलता के साथ समाप्त हुई, बल्कि इसने लोगों में एकता, जोश और उज्जवल भविष्य की उम्मीद को भी बल दिया।

## जय जगन्नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया 21वां पूर्णिमा महोत्सव



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जय जगन्नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शुक्रवार 15 नवंबर से शनिवार 16 नवंबर 2024 तक पालघर जिले बोईसर शहर के पास सालवड़ ग्राम पंचायत अंतर्गत शिवाजी नगर, नई बस्ती में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी के पूजन अर्चन के साथ बड़े धूमधाम से पूर्णिमा अष्ट पहर महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव के आयोजन में बड़ी संख्या में भगवान जगन्नाथ के भक्तगण हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र का जप और मृदंग, ढोल व मजीरे के धुनों के साथ गायन करते दिखाई दिए। बतादें कि एक पहर तीन घंटे का होता है। एक पहर बीतने के बाद सभी भक्तगण नगर भ्रमण करते हैं। इस प्रकार अष्ट प्रहर में हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र जप एवं गायन के साथ ही साथ आठ बार भक्तजनों को नगर भ्रमण करना होता है।

मान्यता है कि चैतन्य महाप्रभु ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही हरे राम। हरे कृष्ण।। महामंत्र का जप किया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस तरह के जगह - जगह पर विशाल आयोजन किए जाते हैं। इसी मान्यता के अनुसार जय जगन्नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दो दिवसीय महोत्सव के दौरान 24 घंटे हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र जप एवं गायन के साथ ही साथ महाप्रसाद रूपी भंडारे का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में हजारों पुरुष, महिलाएं एवं बाल गोपालों ने हिस्सा लेकर भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन पूजन करने के पश्चात महाप्रसाद ग्रहण किया और मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेंद्र साबत जी से आशीर्वाद प्राप्त करते विदा लिये इस महोत्सव के आयोजन में जय जगन्नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष अरुण पाढ़ी,उपाध्यक्ष रविंद्र पाढ़ी, कोषाध्यक्ष हरिहर पाध्य, उप कोषाध्यक्ष सुधीर साबत, सचिव तुमनाथ दाश, सदस्य सीमांचल पांडी, रामकृष्ण पाध्य, सुरेंद्र साबत, महेंद्र मोहंती सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में श्री बड़ी दुर्गा महारानी जी चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र दुबे, प्रसिद्ध भोजपुरी भजन गायक दिनेश्वर कुशवाहा, पत्रकार अजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भगवान जगन्नाथ जी के दरबार में हाजिरी लगाते हुए महाप्रसाद ग्रहण किया।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से किया हमला, गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के सुल्तानपुर मार्ग स्थित योगी नाथ तिराहे के समीप कालिका कॉलोनी में भाडे के मकान में रह रहे पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसे लेकर पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे पत्नी घायल हो गई। मध्य प्रदेश के भिंड जनपद के रावतपुरा थाना क्षेत्र के मसेरन गांव निवासी रवीकांत (25) का विवाह आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के सोम्माडीह गांव निवासी मनीषा (21) के साथ हुआ था। पति-पत्नी अपने पूरे परिवार के साथ नगर के सुल्तानपुर मार्ग स्थित योगी नाथ तिराहे समीप कालिका कॉलोनी में किराए के



मकान में रहते हैं। बृहस्पतिवार की शाम पति-पत्नी के बीच ससुराल मध्य प्रदेश जाने को लेकर विवाद हो गया। उसी बात को लेकर आवेश में आकर पति रविकांत ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुन पहुंचा बडा भाई सुबाष ने अपने भाई रवीकांत की पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बारात में शामिल होने गये दो शत्रुओं के बीच चली गोली से राहगीर हुआ घायल

**उपचार जारी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन को किया गिरफ्तार**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर स्थित आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास बीती देर रात बारात में शामिल होने गये युवक पर दबंग बदमाशो ने हमला कर दिया हमले के दौरान बदमाशो द्वारा चलाई गई गोली की चपेट में राहगीर रामअवध राजभर आ गया उसके पैर में गोली लगी है। जिनका उपचार जिला अस्पताल सदर जौनपुर में चल रहा है। मिली खबर के अनुसार शाहगंज कस्बा स्थित नगर निवासी सुमित कुमार और किशन की बारात आजमगढ़ मार्ग पर स्थित रक्षा गार्डेन में जा रही थी। बारात में अतुल यादव पुत्र वीरेंद्र कुमार यादव निवासी उसराबादी थाना शाहगंज जनपद जौनपुर अपने दोस्त सुमित कुमार के शादी में शामिल होने गया था। उसी बारात में अतुल से पारिवारिक रंजिश रखने वाला विनय कुमार उर्फ छोटू यादव पुत्र स्व0 उदयभान यादव भी गया था। विनय कुमार व अतुल यादव के परिवार के बीच लम्बे समय से रंजिश चली आ रही है, इसी को लेकर विनय कुमार अपने भाई भावेश यादव, अभिषेक उर्फ मुन्ना यादव, अविनाश यादव एवं अभिनव खटीक के साथ मिलकर रात्रि में लगभग 10:30 बजे कस्बा शाहगंज में अहरोला पड़ाव के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट अतुल यादव को पकड़कर मारने पीटने लगे और अपहरण के लिए मोटरसाइकिल पर बैठाने लगे। अतुल यादव के किसी तरीके से बचकर भागने लगा उसी दौरान अभिषेक उर्फ मुन्ना यादव ने अतुल के उपर असलहा से फायरिंग कर दिया असलहे से चली गोली राहगीर रामअवध राजभर के पैर में लग गई। जिसके कारण वह वहीं पर गिर पड़ा अतुल भाग कर अपनी जान बचा लिया हमलावर भी घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। घटना की खबर मिलने पर पुलिस घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया जहां ईलाज चल रहा है।घायल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। इस घटना के संबंध में थाना शाहगंज में मु0अ0सं0-376/2024 धारा 192(2), 191(3), 115(2), 352, 351(3), 3( 5), 140(1), 62, 109(1) बी0एन0एस0 व 7 आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 बनाम विनय कुमार उर्फ छोटू यादव, भावेश यादव, ह्लअभिषेक उर्फ मुन्ना यादव, अवनीश यादव, अभिनव खटीक के नाम से नामजद पंजीकृत कर तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस अगली विधिक कार्यवाही कर है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर गंगा और तालाब में स्नान करते समय चार युवतियां डूबी, दो शव मिले

चंदौली (उत्तरशक्ति)। जिले के अलग-अलग इलाकों में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करते समय और तालाब में पूजा सामग्री विसर्जित करते समय चार युवतियां गंगा में डूब गईं। खोजबीन करने पर दो युवतियों का शव मिला है। एक को मल्लाहों ने बचा लिया, जबकि एक की तलाश की जा रही है। पहली घटना चंदौली सदर कोतवाली में हुई। यहां पूजन सामग्री तालाब में विसर्जित करने पहुंची दो चचेरी बहनें डूब गईं। इसमें दोनों की मौत हो गई। दूसरी घटना, अलीनगर थाना के कैली गंगा घाट पर हुई। यहां गंगा स्नान के दौरान किशोरी डूब गई। मल्लाहों ने एक को बचा लिया, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही थी। जसुरी निवासी बबीता उर्फ खुशबू (22) और खुशी (14) दोनों बहनें कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए गांव के तालाब पर गई थीं। इस दौरान एक युवती का पैर फिसल गया और डूबने लगी। जिसे बचाने के दौरान उसकी दूसरी बहन भी गहरे पानी मे चली गई। साथ में गई छोटी बच्ची ने भागकर घटना की जानकारी परिजनों को दी, लेकिन जब तब परिजन पहुंचे, दोनों चेचेरी बहनें डूब चुकी थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर दोनों का शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए लिए भेज दिया। इसके बाद आगे की कार्रवाई जुट गई। इसकी जानकारी होने के बाद परिजनों के साथ-साथ रिश्तेदारों की भीड़ जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पर लग गई। परिजनों के करुण रुदन से पोस्टमार्टम हाउस का माहौल पूरी तरह से गमगीन हो गया। लोग यह चर्चा करते रहे कि दोनों चचेरी बहनों की मौत एक साथ होना सभी को मर्माहत करता है। इस संबंध में सीओ सदर राजेश राय ने बताया कि सदर कोतवाली के जसुरी गांव के तालाब में दो बहने कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के दौरान डूब गई। इसके कारण दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलीनगर थाना के कैली गंगा घाट पर माता-पिता के साथ स्नान करने गई दो बहनें गंगा में डूब गईं। मटकुट्टा गांव निवासी संजय चौहान बेटी सरस्वती (08) बहन प्रतिमा के साथ गंगा स्नान के लिए गई थी। स्नान करते समय दोनों गंगा में डूब गईं। यह देख मल्लाहों ने प्रतिमा को बचा लिया, लेकिन सरस्वती का पता नहीं चला। सूचना पाकर मौके पर पुलिस और गोताखोरों की टीम पहुंच गई।

# बच्चों को बेहतर परवरिश और संस्कार दें, माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं: स्वामी अनिरुद्धाचार्य

इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पूर्वांचल की प्रसिद्ध माता शीतला चौकिया धाम में देव दीपावली की पूर्व संध्या पर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज का आगमन देर शाम मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम आयोजक महंत विनय त्रिपाठी सहित सभी कार्य समिति के पदाधिकारियों ने उनका माल्यार्पण करके ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। अनिरुद्धाचार्य ने माता शीतला रानी के दर्शन पूजन करने के पश्चात मंदिर के बगल में स्थित कुंड पर पहुंचकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान करते हैं वह सदैव खुश रहते हैं।माता-पिता अपने बच्चों को उनके जन्म से लेकर तीस साल तक बेहतर संस्कार और परवरिश देते हैं ताकि आगे चलकर वही बच्चे अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करें। उन्होंने कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई इंसान नहीं है। इसलिए अपने माता-पिता को दुख नहीं देना चाहिए।अनिरुद्धाचार्य के द्वारा कार्यक्रम में उनके द्वारा



गाए गए भजन ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सभी श्रद्धालु भजन पर झूमने को मजबूर हो गए। अनिरुद्धाचार्य ने आगे कहा की लोगों को नशे से सदैव दूर रहना चाहिए।इस दौरान सतानंद महाराज, बृंदावन, महामण्डलेश्वर कन्केश्वरी नंद गिरि माँ, सतीश जय कृष्ण तिवारी, विशाल भारद्वाज, कार्यक्रम आयोजक श्री शीतला ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष और महंत विनय त्रिपाठी, विनीत सेठ, अमित गुप्ता, उर्वशी सिंह अंबुजा नंद, अनिल सोनकर संजय माली, छमई गुरु, जय बिंद माली, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# फांसी पर लटकती मिली नावविवाहित की शव

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महराजगंज थाना क्षेत्र के रामकोला गांव में शुक्रवार रात एक नवविवाहित महिला फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। 22 वर्षीय नीलम निषाद की मौत को लेकर पुलिस ने मामले को संदिग्ध माना है। मृतका का विवाह अगस्त 2023 में हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जांच शुरू कर दी है। देर रात फोन पर हुई थी पिता से बात नीलम की शव रात करीब 1 बजे उसके घर के एक कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी हुई मिली। घटना से पहले मृतका ने देर रात अपने पिता से फोन पर बात की थी। फिलहाल, पुलिस इस बातचीत का विवरण जुटाने की कोशिश कर रही है। महराजगंज थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि नीलम का विवाह करीब तीन महीने पहले रामकोला गांव के प्रमोद कुमार निषाद से हुआ था। घटना के समय प्रमोद भी घर पर मौजूद था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हर एंगल से मामले की जांच कर रही है,पुलिस के मुताबिक, शुरूआती जांच में नीलम की मौत संदिग्ध लग रही है। ससुराल पक्ष के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मृतका के मायके वालों ने अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।लेकिन घटना को लेकर परिवार में आक्रोश है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा। जांच में मृतका के फोन की कॉल डिटेल्स और अन्य सबूत भी खंगाले जा रहे हैं।

# लेखपाल संघ ने मनाया 63वां स्थापना दिवस

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील में बृहस्पतिवार को लेखपाल संघ का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान तहसील अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में सभा हुई। संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार ने संघ के 63 साल के सफर पर रोशनी डाली। बताया कि लेखपाल संघ की स्थापना 14 नवंबर 1962 में हुई। तभी से इस दिन को प्रदेश भर के लेखपाल स्थापना दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान रितुराज चौधरी, अमरजीत बिंद, जनार्दन यादव, सुनील दत्त त्रिपाठी, सदानंद भट्ट समेत समस्त लेखपाल संघ के सदस्य मौजूद रहे।

# स्टॉल लगाकर बच्चों ने प्रस्तुत की अपनी प्रतिभा

## छात्रों को अपनी बुद्धिमता दिखाने का मिलता है मौका: परवेज आलम भुट्टो

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के सबरहद इमरानगंज बाजार में स्थित ईडन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा शिक्षकों द्वारा उन्हें बधाई दी गयी। शुभारंभ ईडन पब्लिक स्कूल के संस्थापक एवं प्रबंधक परवेज आलम भुट्टो ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर संस्थापक एवं प्रबंधक परवेज आलम भुट्टो ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ था। आज का दिन पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रोग्राम मे शामिल बच्चे अपनी क्षमता के अनुसार अलग-अलग खेल मे हिस्सा लेकर अपनी बुद्धिमता दिखाने का मौका मिलता है। खान-पान से लेकर खेल-कूद और अन्य प्रकार के स्टॉलों पर जहां वे अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं।वहीं उनमें कुछ करने और



आत्मनिर्भर बनने का जज्बा भी पैदा होता है। स्टालों के माध्यम से जहां उन्हें व्यावसायिक क्षेत्र में अपने कौशल को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

वहीं छात्राओ को विभिन्न व्यंजनों के माध्यम से घरेलू मामलों की देखभाल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल से जहां बच्चों को शारीरिक शक्ति मिलती है। वहीं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी क्षमताओं का विकास भी होता है और शिक्षकों के सहयोग से शिक्षा के साथ-साथ उनकी प्रेरणा भी बढ़ती है। ऐसी मुझे आशा है। छात्र अन्य क्षेत्रों में भी अपनी योग्यता दिखाएंगे और उच्च शिक्षा प्राप्त कर व्यापार एवं अन्य क्षेत्रों में अपने देश का नाम रोशन करेंगे। इसके साथी उन्होंने बताया कि बच्चों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए सर्कस भी दिखाया गया सर्कस के हयात अंग्रेज करतब देखकर जहां बच्चे उत्साहित हुए। साथ उन्होंने स्वस्थ मनोरंजन करने का एक माध्यम भी मिला और निश्चित तौर पर बच्चों को काफी कुछ देखने और सीखने को भी इसमें मिला है। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमला बहुगुणा के जन्म शताब्दी वर्ष पर कवि सम्मलेन का आयोजन

## स्वतन्त्रता सेनानी व प्रख्यात महिला नेत्री की याद में आयोजित होगा कार्यक्रम 24 नवम्बर को आजमगढ़ में दिग्गजों का होगा जमावड़ा

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के मनेछा गाँव में अब्दुर्रहमान के आवास पर शुक्रवार की दोपहर



आल इण्डिया एच एन बहुगुणा स्मृति समिति के जिलाध्यक्ष साजिद खान आजमी ने एक प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया लगभग 20 वर्षों से लगातार आल इण्डिया हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के तत्वाधान में मुशायरा व कवि सम्मलेन का आयोजन होता रहा है जिसमें साहित्यकार अपनी रचनाओं से दर्शकों को भाव विभोर करते है। आजमी ने स्व. कमला बहुगुणा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया की 1942 में स्व. कमला बहुगुणा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रही महिला सशक्तिकरण की प्रबल समर्थक रही। 1977 में कांग्रेस के बैनर तले फूलपुर सीट से लोकसभा का चुनाव जीत कर छठवीं लोकसभा पहुंची सदन में श्रमिकों, किसानो, नवजवानो की आवाज को बुलंद किया। 1976 में आपातकाल के विरोध में अपने पति के साथ कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था आइसव दर्जनों उपलब्धियां आज भी उनके नाम है। उनकी याद में आजमगढ़ के हरि अवध कलाकेंद्र हाल में 24 नवम्बर को दिन में 01 बजे से शाम 05 बजे तक एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमे देश की मशहूर कवित्री राणा तबस्सुम, सुमन दूबे, सपना मूलचंदानी, शाहिस्ता सना, हेमानसी बावरा, विभा शुक्ला, खुशबु रामपुर आदि कवित्री शिरकत कर रही है। आयोजक साजिद खान आजमी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान तथा अध्यक्षता पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी करेंगी। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

# काशी स्टेशन से लापता बच्चों को वाराणसी पुलिस ने ढूंढ निकाला

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के काशी स्टेशन से लापता बच्चो को पुलिस ने अथक प्रयास से खोज निकाला बताया जाता है चोपन व चोलापुर कें रहने वाले गरीब परिवार जो पत्ता तोड़ कर बेचने का कार्य करते है बुधवार को आदमपुर थाना क्षेत्र कें काशी



स्टेशन आये इस दौरान खेलते समय चार बच्चे लापता हो गये जिसपर आदमपुर पुलिस ने बताया की गुरुवार को उनकी तलाश कर परिजनों को सौपा मगर कुछ घंटो कें बाद उसमे से ज्योति 13 वर्ष गोलू 10 वर्ष फिर गायब हो गये इसकी जानकारी मिलते ए सीपी कोतवाली ईसान सोनी ने चौकी इंचार्ज आदमपुर मनीष कुमार व विजय चौधरी महिला दरोगा नेहा नायक कॉंस्टेबल नरेंद्र यादव सहित को तत्काल बच्चों को खोज परिजनों कें सुपुर्द करने को कहाँ जिसपर पुलिस ने अथक प्रयास कर दोनों बच्चों को राजघाट पुल कें निचे से शुक्रवार की प्रातः स्वकुशल बरामद कर लिया और चारो बच्चों को उनके परिजनों को सौपा।

# नोबल पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया बाल दिवस बच्चों ने लगाए फूड स्टॉल चाचा नेहरू को किया याद

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नोबल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के मौके पर बच्चों द्वारा मेले का आयोजन किया गया इसमें बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजन और खान-पान की दुकान लगाई दुकानों पर बच्चों ने ही खरीदारी की। प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी बाल दिवस के मौके पर चाचा नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन शैली के बारे में बताया गया बच्चों ने चाचा नेहरू को स्मरण किया। बाल मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल के मैनेजर मोहम्मद फिरोज और प्रधानाचार्य मेराज अहमद सहित सभी वरिष्ठ जनों ने फीता काटकर किया। बाल मेले में छात्राओं द्वारा विभिन्न भोज पदार्थ के स्टाल लगाए गए जिनका आनंद समस्त उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा लिया गया कार्यक्रम के अंत में बच्चों को हौसला अफजाई के लिए टॉफी एवं बिस्किट पैकेट वितरित कर मेले का समापन किया गया मेले में विद्यार्थी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकों का सक्रिय योगदान रहा इस अवसर पर बच्चों का कुकिंग ड्रेस आकर्षण का केंद्र रहा ड्रेस के साथ बच्चे स्टालों पर भोज्य पदार्थ वितरित करते दिखे बाल मेले में समस्त



कार्यक्रम का बढ़ चढ़कर बच्चों ने हिस्सा लिया मुक्त अवसर मौलाना ताकिद्दीन साहब मिस्बाह नाज फैजा फैसल मोहम्मद फैज निशिकांत यादव मनीष गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा बना परिवार के लिए अशुभ, लाली घाट पर स्नान करते वक़्त डूबा युवक

डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। जनपद के भेलूपुर थाना क्षेत्र के हरिश्चंद्र घाट के पास स्थित लाली घाट पर गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब गंगा में स्नान करते समय एक युवक गहरे पानी में डूब गया। इस हादसे से घाट पर चीख-पुकार मच गई। स्नान कर रहे अन्य लोगों ने तुरंत पुलिस और जल पुलिस को सूचित किया। काफी प्रयास के बाद जल पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक प्रसून गुप्ता (25), जो लखनऊ के फैजुल्लागंज का निवासी था। अपने पांच दोस्तों के साथ बहराइच से देव दीपावली देखने और गंगा स्नान के लिए काशी आया था। स्नान के दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हो सके। चीख-पुकार सुनकर जल पुलिस और नाविकों ने तुरंत गंगा में छलांग लगाई और मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचित कर दिया है। इसी दौरान अस्सी घाट पर पंजाब से आए 14 वर्षीय निमाई गर्ग गंगा स्नान करते हुए गहरे




पानी में डूबने लगे। युवक की चीख-पुकार सुनकर जल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत गंगा में छलांग लगाई। सिपाही मनोज और सुधीर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मौके पर मौजूद लोग जल पुलिस के साहस और त्वरित प्रतिक्रिया की जमकर सराहना कर रहे थे।

# अमित यादव ने कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतकर किया जनपद का नाम रोशन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद कलेक्ट्रेट के अधिवक्ता अरविंद यादव के भाई अमित यादव ने कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम किया रोशन।अमित यादव पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी धमार्पुर जौनपुर ने 2023 में सब जूनियर नेशनल में कुश्ती में पदक जीता उसके बाद 9 से 11 नवंबर तक आयोजित मथुरा में सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में प्रथम स्थान



लाकर गोल्ड जीता। अमित यादव के गोल्ड मेडल जीतने से जनपद में खुशी की लहर छह गई। गांव वालों ने मिठाई बाटकर खुशी मनाई परिवार के लोग खुशी से झूम उठें। यूपी सरकार ने अमित यादव को कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतने पर यूपी पुलिस में नौकरी देकर सम्मानित किया।

# शहर के सिपाह तिराहे पर आटो व ई-रिक्शा चालकों को दिलाई गई यातायात नियमों की शपथ

प्रियेश गुप्ता रुद्र

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। यातायात माह नवम्बर 2024 के तहत शुक्रवार को यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात नियमों की शपथ दिलाई गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जायेगी। यातायात पुलिस ने इस अभियान के दौरान 1294 वाहनों का चालान किया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों को चेतावनी दी। साथ ही शहर के सिपाह तिराहे पर आटो-ई-रिक्शा चालकों को इकट्ठा कर यातायात नियमों की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर यातायात क्षेत्राधिकारी नगर देवेश कुमार और प्रभारी निरीक्षक यातायात जी.डी. शुक्ला ने वाहनों के चालक-स्वामियों को सड़क पर वाहनों को



खड़ा करने से होने वाली दुर्घटनाओं जाम की समस्या के बारे में समझाया। शहर के प्रमुख तिराहों पर वाहनों को सड़क पर खड़ा करने वाले वाहन मालिकों को चेतावनी दी गई। इसके बाद, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को हटवाया गया। जिन वाहनों के मालिकों ने वाहन नहीं हटाए, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने, मोटरसाइकिल पर तीन सवारी न बैठाने, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहनों में काली फिल्म न लगाने के बारे में जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में काली फिल्म लगे वाहनों से फिल्म उतरवाने की भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने इसे दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यातायात पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से उम्मीद जताई जा रही है कि शहर में यातायात नियमों का पालन सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# अल्फारुक पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

वसीम अहमद

कादीपुर,(सुल्तानपुर)। क्षेत्र के अल-फारुक पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू द्वारा देश के प्रति दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में खोखो, क्रिकेट, दौड़, बैडमिंटन आदि में छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य ने समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता। आपसी भाईचारे की भावना विकसित होती है। जीत और हार से महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होता है। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वृक्षारोपण कर किया। उन्होंने




कहा कि पण्डित जवाहरलाल नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम देश के भविष्य के प्रति प्रेम है।अंत में समस्त छात्रों में मिठाइयां व स्टेशनरी वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सुधीश कुमार सिंह, एक्टिविटी इंचार्ज साधना सिंह। जमीर अहमद, शिक्षक बसंत कुमार मिश्रा, पवन कुमार, माला सिंह, अमृता यादव (पी टी आई), सुषमा, तबस्सुम, रिंकी मौर्या, राफिया, मरियम आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थानी समाज राजन नाईक के साथः प्रेम चंद बिर्वा



नालासोपारा(उत्तरशक्ति)। नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार राजन नाईक का प्रचार करने के लिए राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बिर्वा ने गुरुवार को विरार की प्रसिद्ध देवी मंदिर मां जीवदानी का दर्शन किया और नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र के अनुसूचित जाति और जनजाति के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान व्यापारियों से चर्चा की। इस यात्रा के दौरान उन्होंने शाम 7:30 बजे बिहार बोलिंज में बौद्ध विहार का दौरा किया और समाज के सदस्यों और पत्रकारों से बातचीत की व्यापारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस बार हमारा समाज बीजेपी युक्ति के साथ खड़ा रहेगा। इस अभियान दौरे के दौरान दीव -दमन और दादरा - नगर हवेली एससी मोर्चा के प्रभारी और भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक खरतमल, जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप गायकवाड, कंचन ठाकुर, विरार पश्चिम शहर अध्यक्ष रवि पुरोहित एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मछली शहर के पूर्व भाजपा सांसद बी पी सरोज नवी मुंबई में विधान सभा प्रचार पर



नवी मुंबई (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के मछली शहर सांसदीय क्षेत्र के पूर्व भाजपा सांसद बी पी सरोज इन दिनों नवी मुंबई क्षेत्र में भाजपा महायुति के प्रत्याशियों के प्रचार पर है । पूर्व भाजपा सांसद बी पी सरोज ने बताया कि मुझे पार्टी के तरफ से जो जवाबदारी दी गई है मैं उसे ध्यान में रखते हुए खुद एवं जौनपुर विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचित विधायकों के साथ नवी मुंबई, मीरा भाईंदर एवं मुंबई के भाजपा महायुति प्रत्याशियों को विजई बनाने के लिए जन संपर्क अभियान एवं सभाओं के जरिए कार्यरत हु। भाजपा पूर्व सांसद की मछली शहर, जौनपुर, भदोही एवं प्रतापगढ़ सांसदीय क्षेत्र में अच्छी पकड़ है जिसका फायदा भाजपा महायुति प्रत्याशियों को मिलना ही है ।आगे उन्होंने अपने क्षेत्र के मतदाताओं ने अपील की है कि भाजपा महायुति के प्रत्याशियों को वोट देकर महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बना कर प्रदेश में विकाश में अपना भरपूर योगदान दें।

# बाल दिवस पर बच्चों के बीच झूम उठे रविंद्र चव्हाण



डोंबिवली। गुरुवार 14 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी डोंबिवली में बाल दिवस को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। डोंबिवली के नेहरू मैदान में बाल दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र नं. 143 से भाजपा-महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार श्री. रवींद्र चव्हाण उपस्थित थे। इस मौके पर चुनाव की सारी व्यस्तताओं को दूर रख कर रवींद्र चव्हाण ने बच्चों के साथ का हर्षोल्लास का लुफ्त उठाया। इस मौके पर श्री रविंद्र चव्हाण ने कहा, "जब आप छोटे बच्चों के साथ होते हैं तो हमेशा एक सकारात्मक ऊर्जा होती है। जब आप एक दिन उनके साथ बातचीत करते हैं तो अपने बचपन को फिर से जीने का आनंद मिलता है। यही कारण है कि मैंने आज इस कार्यक्रम में भाग लेने का निश्चय किया।" इस अवसर पर डोंबिवली के कई बच्चे और उनके माता-पिता उपस्थित थे। उनसे बातचीत करते हुए उन्होंने रवींद्र चव्हाण के प्रति अपने स्नेह की भावना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा,श्रवींद्र चव्हाण हमारे लिए बड़े भाई की तरह हैं। हमारे हर सुख-दुख में वे हमारे सहारा हैं। खास बात यह है कि रवी दादा बच्चों के लिए बच्चे बन जाते हैं और बड़ों के साथ बड़ों की तरह व्यवहार करते है। यही कारण है कि वे भी हमारे लिए बड़े भाई की तरह हैं। बच्चे उनके साथ मिलकर और अपने मन से खेलते हैं।

# शिक्षक बनने पर सुरेश विश्वकर्मा का समरस फाउंडेशन ने किया सम्मान



जौनपुर। अगर बच्चों में विशेष प्रतिभा है तो परिस्थितियों उन्हें रोक नहीं सकती। ऐसा ही कुछ कर दिखाया बदलापुर तहसील अंतर्गत स्थित शाहपुर सानी निवासी जवाहरलाल विश्वकर्मा के होनहार सुपुत्र सुरेश कुमार विश्वकर्मा ने। प्राइमरी से ही मेधावी छात्र रहे सुरेश कुमार का बिहार के एक जूनियर हाई स्कूल में बीपीएससी टीचर के रूप में चयन होने पर पूरे घर में खुशी की खुशी की लहर दौड़ गई। अत्यंत गरीब परिवार के सुरेश कुमार के चयन होने की खबर जिसने भी सुना उन्हें बधाई देने लगा। मुंबई की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा आज उनका सम्मान किया गया। संस्था के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने शॉल ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चंद्रशेखर यादव प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, समाजसेवी आत्माराम यादव समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रशासन द्वारा सौंपा गया लावारिश शव हुआ दफन

जौनपुर (उत्तरशक्ति) ।लावारिश लाश इंतजामिया कमेटी ने आज जौनपुर में पुलिस द्वारा सौंपा गया एक शव दफन करवाया। शव के बारे में पुलिस ने बताया की उक्त शव नहर में थाना महराजगंज क्षेत्र में मिला था। जिसको तीन दिन रखने के बाद पोस्टमार्टम होने पर पता चला की मुस्लिम समुदाय का है तो कमेटी को सौंप दिया गया। शव की नमाज जनाजा हाफिज हकीम हाशमी ने पढ़ाई ।शव को पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ दफनवाया गया। कमेटी के उपाध्यक्ष मास्टर मेराज अहमद ने बताया की यह कमेटी द्वारा 143 वी मिट्टी दफन करवाई गई है।अध्यक्ष रियाजुल हक की देखरेख में कमेटी पिछले लॉक डाउन से यह कार्य कर रही है। उक्त मिट्टी में मुख्य रूप से अकरम मंसूरी,बख्तियार आलम, आदिल अली,हसन रिजवी यूसुफ, हाफीज जावेद,शैख अयाज अरब ज्वलर्स,एहतशाम रजा,मास्टर आफताब आलम,शमशाद पोटारिया,शाहिद, शहजादे, मंसूर अली, अबुल खैर ,आबिद अली वारिस अली परवाना, आदि

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन कर मुख्यमंत्री ने किया सूबे के कल्याण की कामना

-सुरेश गांधी

वाराणसी। दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रातः काल श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं काल भैरव मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन कर सूबे के कल्याण की कामना की। इसके बाद ओरियाना हास्पिटल पहंचकर भाजपा के पूर्व विधायक श्यामदेव राय चौधरी की स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ ही चिकित्सकों को निर्देशित किया कि चिकित्सा व्यवस्था में कोई कमी न रहने पाएं। बेहतर से बेहतर इलाज यवस्था सुनिश्चित किया जाएं।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री सतुवा बाबा आश्रम गए, वहां महंत संतोषानंद से आत्मीय गुप्तगू के बाद शहर के व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की। सतुआ बाबा आश्रम में भी मुख्यमंत्री ने शिवलिंग के दर्शन पूजन कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। यहां पर बटुकों के साथ उन्होंने फोटो भी खिंचवाई। खास यह है कि मुख्यमंत्री काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन कर लौटते वक्त अचानक सड़क किनारे अपनी मां की गोद में खेल रही एक साल की बच्ची को अपनी गोद में उठा लिया, जो पूरे शहर में चर्चा का विषय रही। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने बच्ची के प्रति बाबा के लाड प्यार को देखते हुए हरहर महादेव का शंखनाद किया। मुख्यमंत्री के साथ स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, सांसद रवि किशन, अम्बरीष सिंह भोला सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



**केशव मौर्या बनकटी हनुमान मंदिर में किया दर्शन-पूजन**

दुगाकुंड स्थित बनकटी हनुमान मंदिर में शनिवार की सुबह उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दर्शन-पूजन करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सेनापति हनुमान की आरती उतारी और राम दरबार में शीश झुका कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने मंदिर की परिक्रमा की। मंदिर प्रबंधन की तरफ से उन्हें माला-प्रसाद भेंट किया गया।

# लोकाधिकार सेवा समिति के तत्वावधान में 5200 कंबल वितरित

सुलतानपुर। जनपद सुलतानपुर के बरौसा स्थित कमला हॉस्पिटल पर लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल बेबी भइया के द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस 20 वें वर्ष भी संस्था 16 नवंबर को विकलांगों हेतु कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप मे उपस्थित जयसिंहपुर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुलतानपुर एसपी बृजेश मिश्र, मनरेगा डिप्टी कमिश्नर के डी गोस्वामी, उपजिलाधिकारी संतोष ओझा, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आर ए वर्मा,तहसीलदार जयसिंहपुर मयंक मिश्र, भाजपा जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार, जिला पंचायत प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह,जिला पंचायत सदस्य नंदन चौबे, जिला पंचायत सदस्य ओ पी चौधरी, कुरेभार प्रमुख सोनु सिंह, मोतिगरपुर प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह, करौदी कला प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्र, मोतीगरपुर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, भाजपा नेता रितेश दुबे, पूर्व प्रधान राम किशोर शुक्ल,प्रधान अतुल मिश्र, जयसिंहपुर बार एसोसिएसन अध्यक्ष विजयशंकर, शुक्ल, सचिव अमित शुक्ला,एडवोकेट सुभाष त्रिपाठी सहित आए हुए सभी अतिथियों का लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय महासचिव प्रभाकर शुक्ल और जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल ने रामदरबार की फोटो शाल पुष्प गुच्छ और संकल्प पत्रिका भेंट कर स्वागत किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम मे लगभग 5200 लाभार्थियों ने कम्बल का लाभ लिया और समिति 20 वर्षो से लगातार कम्बल वितरण, रक्त दान शिविर, जेल मे कैदियों हेतु मानस प्रवचन मेडिकल कैम्प और समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल ने स्वनिधि से अभी तक 932 सामूहिक विवाह भी संपन्न करा चुके है। गत दिनों मे समिति के सक्रिय सदस्य धर्मराज शुक्ल का निधन हो गया था उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ सी बी शुक्ल, पूर्व प्रमुख अशफाक,वरिष्ठ समाजसेवक बबऊ शुक्ला, बालचंद पांडेय, पप्पु तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, प्रधान विक्की यादव, प्रधान सुनील कुमार, प्रधान अजय सिंह, महेश गुरु, आचार्य नीरज मिश्र,व्यापार मंडल अध्यक्ष उदय प्रताप शुक्ला, नीरज पांडेय, संदीप दुबे, परिक्रमा सिंह, प्रधान रौनक सिंह,जे एन पांडेय, वशिष्ठ पांडेय गुरुप्रसाद मिश्र, एसईओ आदेश कुमार मिश्र, आकाश दुबे,शिन्टू श्रीवास्तव, बब्लू मिश्र, सतीश पांडेय, अवधेश तिवारी, बीडीसी फइम भाई, पंचबहादुर वर्मा,ऋषि शुक्ला ,बबलु तिवारी,प्रदीप जायसवाल, कृष्णा सिंह,अंजनी यादव सहित क्षेत्र के तमाम बंधु,पुलिस प्रशासन, प्रधान, बीडीसी एवं अन्य गण मान्य लोग मौजूद रहे।



# उम्मीद ने रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

## आनन्दी प्रथम, अनन्या द्वितीय व पलक ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर के सद्भावना पुल के पास बाबा केरारबीर मन्दिर के सामने स्थित नमामि गंगे घाट पर "उम्मीद साथ भरोसे का' संस्था द्वारा देव दीपावली महोत्सव एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता में तमाम बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा.आलोक यादव ने प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाते हुये उनके रंगोली की तारीफ किया। साथ ही कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिभा का निखार होता है। हमें ये याद रखना चाहिये कि हमारी सांस्कृतिक जड़ें ही हमारे वर्तमान और भविष्य का निर्माण करती हैं। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि समूह सम्पादक रामजी जायसवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के गुणों एवं कलाओं को निखारने में सहायक होती है। विशिष्ट अतिथि प्रनिता सेठ साओल हार्ट सेन्टर नईगंज ने कहा कि छोटे–छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी जो काफी सराहनीय है। रंगोली प्रतियोगिता में आनन्दी निषाद प्रथम, अनन्या कन्नौजिया द्वितीय व पलक गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिनको अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय, राहुल प्रजापति, शुभांशू जायसवाल, आशीष निषाद, मोहित यादव, सर्वेश सिंह, डा. एसके प्रजापति, सुशील श्रीवास्तव, पिण्टू निषाद, स्वतंत्र मौर्य, सुशील प्रजापति, गौतम निषाद, गुलशन निषाद, गोलू निषाद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत आशीष निषाद एवं पिण्टू निषाद ने किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक सिंह पत्रकार ने किया। अन्त में राहुल प्रजापति एवं सर्वेश सिंह ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# नगर पंचायत कर्मी के निधन पर शोक

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत में जलकल मिस्त्री के पद पर कार्यरत रामसमुझ चौहान की शुक्रवार को हद?यगति रुकने से निधन हो गया। यह खबर सुनने के बाद नगर पंचायत कर्मियों में शोक की कहर दौड पड़ी। इस संबंध में शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय खेतासराय में चेयरमैन वसीम अहमद की अध्यक्षता में एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरि, लेखा लिपिक कविता श्रीवास्तव सहित शोभनाथ पाल, मोनू इलियास, राजेश कुमार, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, दिनेश यादव, पीयूष मधुरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# गार्डन किंग अमित साटम को मिल रहा जनता का खुला समर्थन

मुंबई। अंधेरी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के महायुति के उम्मीदवार, गार्डन किंग नाम से प्रसिद्ध अमित साटम जन-मन के नायक बन गए हैं। क्षेत्र में उनके किए गए कार्यों से स्थानीय जनता प्रसन्न है। प्रचार के दौरान वे जहां भी जा रहे हैं, लोग उनका स्वागत करके उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। जुहू की स्वच्छता का मामला हो, हॉकर्स प्लाजा बनाने की बात हो या मिलनसार सोसायटी के मूल मालिकों को उनके घर का ताबा देने की बात हो, अनेक प्रकार की औपचारिकताओं को पूरा करते हुए साटम ने जनता के कार्य को सदैव प्राथमिकता दी है। स्थानीय जनता उन्हें किसी 'नायक' से कम नहीं समझ रही। ज्ञात हो कि अमित साटम के अथक प्रयासों के कारण अंधेरी का जुहू समुद्र तट स्वच्छ, सुंदर और सुशोभित किया गया है। इसके अलावा अंधेरी मार्केट के रिडेवलपमेंट प्रस्ताव हेतु अमित साटम ने महानगर पालिका को पत्र लिखा है। साटम ने फेरीवालों के लिए हॉकर्स प्लाजा बनाने और अंधेरी परिसर को ट्रैफिक तथा भीड़ से मुक्त करने हेतु प्रयास करना शुरू कर दिया है। फेरीवालों ने साटम के इस कार्य की सराहना की है।क्षेत्र में गुंडों द्वारा जबरन काबिज कर लिए गए घरों को खाली करा कर, एसआरए और अदालती कार्रवाई करने के पश्चात उन घरों के मूल मालिकों को उनका घर सौंप दिया गया। जुहू गली में मिलनसार नामक एसआरए के 112 मूल मालिकों को उनके घर का ताबा दिलवाने के लिए अमित साटम ने एक लंबी लड़ाई लड़ी और घुसपैठियों को उसमें से निकाल कर असली मालिकों को घर का ताबा दिलवाया। इसी सोसायटी के आफताब खान ने बताया कि यह सब मानो 'नायक' फिल्म के एक दृश्य जैसा है, जिसमें दिखाया गया था कि अनिल कपूर घुसपैठियों को निकाल कर घर के असली मालिकों को उनका घर देते हैं। बता दें कि क्षेत्र के 8 हजार झोपड़ाधारकों को पक्के मकान दिलाने के लिए बायोमेट्रिक सर्वे का काम महज 4 महीनों में पूरा कर लिया गया है। अब इनके एनेक्सर-2 का काम जल्द पूरा होगा। गार्डन किंग के नाम से मशहूर अंधेरी-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के महायुति उम्मीदवार अमित साटम को प्रचार के दौरान भारी जनसमर्थन मिल रहा है। साटम ने अंधेरी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 69-नेहरू नगर में एक सभा की और स्थानीय निवासियों से संवाद किया। इसके अलावा हरी वाड़ी, दौलत नगर, वाल्मीकि नगर, धाकूशेठ पाड़ा, मनीष नगर सहित अन्य इलाकों में प्रचार के दौरान अमित साटम को जनता का समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है।



# भव्यतम 9 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव आयोजन



मुंबई। मध्य प्रदेश के नीमच में 9 दिवसीय भैरव अष्टमी महोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल एवं पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, तमिलनाडु के पीठाधीश्वर, डॉ. वसंत विजय जी महाराज के सानिध्य में 23 नवंबर तक चलने वाला यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक धरोहर, एकता और समृद्धि का भव्य उत्सव है। इस महोत्सव में देश पर महामारी के संकट, आतंकवाद की चुनौतियों से मुक्ति व आर्थिक वृद्धि की कामना हेतु भैरव देव को 2024 प्रकार की मिठाइयां अर्पण की जा रही है। 8 कुंडीय महायज्ञ में 46 विद्वान पंडितों द्वारा भैरव देव की आराधना करते हैं, जिसमें एक कुंड में 11 पंडित और 7 कुंडों में 5-5 पंडित 9 दिन तक निरंतर यज्ञ करते हैं। इस महाअनुष्ठान का एक प्रमुख आकर्षण 84,000 वर्ग फीट में विशाल रंगोली का निर्माण, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक गुरुओं और राष्ट्र नायकों के चित्र उकेरे जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में परम पूज्य डॉ वसंत विजय जी महाराज के मुखरबिंद से कथा, साधना, महायज्ञ एवं महोत्सव के दौरान सभी भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन और सेवाएँ उपलब्ध कराई गई, जो इस उत्सव की निःस्वार्थ सेवा की भावना को दशार्ता है। ह्रराष्ट्र संत डॉ. वसंत विजय महाराज ने इन अनुष्ठानों के महत्व को बताते हुए कहा, भैरव अष्टमी पर आयोजित कष्ट हरण महायज्ञ एवं कथा साधना का विशेष महत्त्व है। इसका उद्देश्य देश को संभावित आर्थिक संकट और महामारी के प्रभाव से बचाना है। यह यज्ञ न केवल देश की समृद्धि और शांति के लिए किया जाता है, बल्कि भक्तों के लिए भक्ति और आस्था के प्रकाश को भी प्रसारित करता है। भैरव देव को 2024 प्रकार की मिठाइयों का अर्पण और 84000 वर्ग की विशाल रंगोली का यह विश्व रिकॉर्ड देश विदेश की 50 विविध संस्थाओं में दर्ज किया जाएगा। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा, सांसद नीमच मंदसौर, सी पी जोशी, सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशी लाल गुर्जर, विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, जावद से, दिलीप सिंह परिहार, नीमच से, श्री चंद कृपलानी, निम्बाहेड़ा, माधवजी मारु, मनासा, सज्जन सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत, पवन पाटीदार जिलाध्यक्ष भाजपा, स्वाति गौरव चोपड़ा, की अध्यक्ष नगर पालिका परिषद्, अनुपाल सिंह, विभाग मंत्री विहिप के संरक्षण में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# पुलिस ने नवजात बच्चे को बेचने खरीदने वाले पाँच महिला व एक पुरुर्ष को पकड़ा




जलालपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 335/2024, धारा 318(4)व61(2) इठर व 81 जे0जे0 एक्ट थाना जलालपुर जौनपुर से सम्बन्धित 6 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के समय माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार के नियमों निदेशों का बखूबी पालन किया गया। एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता गोरख नाथ चौबे पुत्र स्व0 सत्यनारायण चतुवेर्दी ग्राम शाहपुर थाना बदलापुर, जौनपुर हालपता-- 147/17 नक्सर पाडा रोड घुसुडी हाबडा, थाना मालीपज घडा जिला हावडा, पश्चिम बंगाल, पूनम गुप्ता पत्नी ओमकुमार गुप्ता निवासी 332 बेलीलीयस रोड मध्य हावडा होवराह जिला होवराह पश्चिम बंगाल, हेमन्ती साह पत्नी रतन साह निवासी 25 फकीर चन्द मित्र स्ट्रीट राजाराम मोहन सराय कोलकाता, पश्चिम बंगाल, सीता पाण्डेय पत्नी अरूण कुमार पाण्डेय नि0 धौरहरा थाना जलालपुर जौनपुर, इंद्रिका सिंह पुत्री फूनन सिंह निवासी धरांव थाना जलालपुर जौनपुर पत्नी स्व0 राजनाथ सिंह नि0 चक्के रामपुर थाना जलालपुर जौनपुर, शान्ति देवी पत्नी कैलाश प्रजापति ग्राम धरांव थाना जलालपुर जौनपुर शामिल है।

# स्नेहा दूबे ने आम जन मानस से अपने पक्ष में मतदान के लिए की अपील




वसई रोड। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्नेहा दूबे ने आम जन मानस से सम्पर्क के दौरान कहा कि पिछले 30 सालों से आप सभी लोगों को आश्वासन के शिवा कुछ नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में मूल भूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। इस बार भाजपा के चुनाव निशान पर बटन दबाकर विजयी बनाए और आप सभी की असुविधाओं को पूरा करने की मिम्मेदारी निभाउंगी।

# लॉटरी उद्योग में बदलाव लाने के लिए गोवा सरकार की पहल

मुंबई। गोवा सरकार भारत की पहली पूरी तरह से तकनीक आधारित ऑनलाइन लॉटरी लॉन्च कर रही है, जिसका पहला ड्रा 24 नवंबर 2024 को होगा। गोवा सरकार द्वारा प्रायोजित गोवा राज्य ऑनलाइन लॉटरी योजनाओं के विपणन और बिक्री के लिए रिती स्पोर्ट्स को लाइसेंस दिया गया है। भारत की पहली पूरी तरह से तकनीक आधारित ऑनलाइन लॉटरी के रूप में, यह ऐप-आधारित प्लेटफॉर्म अपने सहज तकनीक, पारदर्शिता और व्यापक पहुंच के साथ लॉटरी परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए तैयार है। गोवा सरकार के लघु बचत और लॉटरी निदेशालय द्वारा जारी विपणन लाइसेंस के साथ, ग्रेट गोवा गेम्स भारत के लॉटरी उद्योग में एक नई मिसाल स्थापित करेगा, जो वर्तमान में मुख्य रूप से 10 से अधिक राज्यों में कागज-टिकट आधारित प्रणाली पर कार्यरत है। यह ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली पूरी तरह से पेपरलेस होगी, जो देशभर में लॉटरी प्रेमियों के लिए एक निर्बाध अवसर प्रदान करेगी। रिती ग्रुप के संस्थापक अरुण पांडे ने लॉन्च के अवसर पर कहा, हम भारत का पहला पूरी तरह से तकनीक आधारित ऑनलाइन लॉटरी ब्रांड ग्रेट गोवा गेम्स लॉन्च करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। रिती स्पोर्ट्स में हमारा मिशन तकनीक के माध्यम से अवसरों का लोकतंत्रीकरण करना है। ग्रेट गोवा गेम्स न केवल खिलाड़ियों के लिए एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा बल्कि विश्वास और उत्साह भी बढ़ाएगा। यह पहल समाज की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे लॉटरी सभी के लिए सुलभ और लाभकारी बने। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से, विशेष रूप से अकुशल कार्यबल के लोग, इस लॉटरी में आसानी से भाग ले सकेंगे, जिससे विभिन्न जनसंख्याओं में भागीदारी बढ़ेगी।

# कोतवाली चौराहा पर एकाएक गहना कोठी पहुंचे फिल्म स्टार रवि किशन



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। गोरखपुर से भाजपा के सांसद और भोजपुरी के अमिताभ बच्चन कहे जाने वाले सुपरस्टार रविकिशन शुक्रवार को देव दीपावली महोत्सव में भाग लेने के लिए शीतला चौकियां धाम पहुंचे थे। कार्यक्रम में शिरकत करने के पश्चात वह पूर्वांचल के प्रसिद्ध शोरूम गहना कोठी के प्रतिष्ठान पर अधिष्ठाता विनीत सेठ के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शोरूम का अद्भुत लुक देखकर खूब प्रशंसा की। भोजपुरी अंदाज में उन्होंने कहा कि इ तो अद्भुत बा हो शीतला चौकियां धाम में कार्यक्रम के दौरान ही उन्होंने गहना कोठी के अधिष्ठाता विनीत सेठ की खूब प्रशंसा की थी। इस दौरान शोरूम पर पहुंचने पर गोरखपुर के सांसद और जौनपुर की माटी के लाल रविकिशन का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान गहना कोठी परिवार के विवेक सेठ मोनू, विनीत सेठ, विपिन सेठ, विशाल सेठ, हर्षित सेठ समेत सभी सदस्य, व उनके स्टाफ मौजूद थे।

# डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया-डेटॉल क्लाईमेट रेजिलिएंट स्कूल ने डेटॉल स्कूल रेडियो पॉडकॉस्ट किया लॉन्च

मुंबई।दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी रेकिट, ने अपने साझीदार प्लान इंडिया और ओहो रेडियो के साथ मिलकर अपने फ्लैगशिप अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत का पहला स्कूल रेडियो पॉडकास्ट लॉन्च किया, जो जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है। यह एक समर्पित प्लेटफॉर्म है जो मिशन लाईफ - स्वास्थ्य और जलवायु लचीलापन के लिए सतत जीवनशैली को बढ़ावा देता है, और इसे उत्तराखंड के स्कूलों के बच्चों के साथ मिलकर को -क्रिएट किया गया है। इस पॉडकास्ट का शुभारंभ राजभवन, देहरादून में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। भारत सरकार के मिशन लाईफ पाठ्यक्रम की भावना को आत्मसात करते हुए, डेटॉल स्कूल पॉडकास्ट, जो डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया और ओहो रेडियो का एक संयुक्त प्रयास है, छात्रों और समुदायों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाएँ अपनाने के लिए प्रेरित करने का उद्देश्य रखता है, ताकि एक स्वस्थ और अधिक लचीले भारत का निर्माण हो सके। यह पॉडकास्ट, जिसे आरजे काव्या द्वारा होस्ट किया गया है, युवाओं को जलवायु लचीलापन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार संरक्षक बनने के लिए प्रेरित करता है, और ऐसे कौशल को बढ़ावा देता है जो एक स्वस्थ और अधिक सतत दुनिया में योगदान करते हैं। यह पॉडकास्ट युवाओं के बीच पर्यावरणीय जागरूकता को गहरा करने के साथ-साथ उनके संवाद और प्रस्तुति कौशल को भी बढ़ाता है, जिससे बच्चों को अलग तरीके से सोचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अपने उद्घाटन भाषण में, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य पहलों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की महत्वता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, श्मैं रेकिट को इस पहल के लिए बधाई देना चाहता हूँ, जो सही समय पर शुरू की गई है, जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9 नवम्बर को उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जलवायु, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति पर आधारित 9 महत्वपूर्ण प्रतिज्ञाओं का आह्वान किया। उत्तराखंड जैव विविधता की एक अद्वितीय भूमि है, जहां प्रकृति और संस्कृति हर एक दिल की धड़कन में बसी हुई हैं। राज्य के त्योहार सिर्फ उत्सव नहीं होते, वे वास्तव में पृथ्वी के प्रति श्रद्धा होते हैं।